भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1249
सोमवार, 10 फरवरी, 2020/21 माघ, 1941 (शक)

रोजगार संबंधी आंकड़े

1249. एडवोकेट ए॰एम॰ आरिफः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार निजी क्षेत्र, संगठित और असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के बारे में कोई आंकड़े रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष के दौरान संगठित और असंगठित क्षेत्रों में प्रदान किए गए रोजगार का वर्ष-वार, क्षेत्र-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा संगठित और असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के आंकड़े संग्रह करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान रोजगार के लिए विदेश जाने वाले लोगों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रोजगार एवं बेरोजगारी पर पंचवर्षीय श्रमबल सर्वेक्षण आयोजित किए जाते थे। ऐसा पिछला सर्वेक्षण 2011-12 के दौरान आयोजित किया गया था। अब, एनएसओ वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) करने लगा है, जो 2017-18 के दौरान आयोजित किया गया था। पीएलएफएस के अनुसार, 2017-18 के दौरान संगठित क्षेत्र में अनुमानित श्रम बल 19.2% तथा असंगठित क्षेत्र में 80.8% था। इसके अतिरिक्त, देश में व्यापक औद्योगिक डिवीजन की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर अनुमानित सामान्य कामगार व्यक्तियों का प्रतिशत वितरण नीचे दिया गया हैः

| प्रमुख क्षेत्र द्वारा श्रम बल | 2017-18 |
|---|---|
| प्राथमिक | 44.1% |
| द्वितीयक | 24.8% |
| तृतीयक | 31.1% |

सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति + सहायक स्थिति) के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात जिसमें सभी आयु के व्यक्तियों के लिए उपरोक्त सर्वेक्षण अवधि अनुपात हेतु संगठित और असंगठित क्षेत्र शामिल है, जो उपलब्ध सीमा के आधार पर अनुबंध- I में दिया गया है।

(घ): विदेश मंत्रालय विदेशी रोजगार हेतु 18 ईसीआर देशों में से किसी में भी कानूनी रूप से यात्रा करने वाले उत्प्रवास जांच आवश्यक (ईसीआर) पासपोर्ट-धारकों के संबंध में आंकड़े रखता है। ये 18 देश नामतः संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, अफगानिस्तान, मलेशिया, लेबनान, बहरीन, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सूडान, सीरिया, थाईलैंड, यमन, लीबिया, दक्षिण सूडान हैं। उपरोक्त अवधि के दौरान विदेशों में जाने वाले व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या अनुबंध-।। पर है।

अनुबंध-I

**रोजगार संबंधी आंकड़े के बारे में पूछे गए लोक सभा के दिनांक 10.02.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1249के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

सभी आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा।

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | कामगार जनसंख्या अनुपात (% में) |
|---|---|---|
| | | **2017-18**<br>(पीएलएफएस) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | **45.0** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | **30.7** |
| 3 | असम | **32.9** |
| 4 | बिहार | **23.6** |
| 5 | छत्तीसगढ़ | **45.7** |
| 6 | दिल्ली | **32.8** |
| 7 | गोवा | **34.7** |
| 8 | गुजरात | **36.2** |
| 9 | हरियाणा | **30.5** |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | **46.4** |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | **38.6** |
| 12 | झारखंड | **28.8** |
| 13 | कर्नाटक | **38.1** |
| 14 | केरल | **32.4** |
| 15 | मध्य प्रदेश | **40.0** |
| 16 | महाराष्ट्र | **39.2** |
| 17 | मणिपुर | **32.1** |
| 18 | मेघालय | **41.5** |
| 19 | मिजोरम | **36.0** |
| 20 | नागालैंड | **25.9** |
| 21 | ओडिशा | **33.8** |
| 22 | पंजाब | **33.8** |
| 23 | राजस्थान | **34.2** |
| 24 | सिक्किम | **47.0** |
| 25 | तमिलनाडु | **40.5** |
| 26 | तेलंगाना | **39.3** |
| 27 | त्रिपुरा | **33.8** |
| 28 | उत्तराखंड | **30.7** |
| 29 | उत्तर प्रदेश | **28.7** |
| 30 | पश्चिम बंगाल | **37.3** |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | **37.4** |
| 32 | चंडीगढ़ | **35.6** |
| 33 | दादर और नगर हवेली | **45.8** |
| 34 | दमन और दीव | **50.9** |
| 35 | लक्षद्वीप | **26.0** |
| 36 | पुडुचेरी | **30.1** |
| | अखिल भारत | **34.7** |

स्रोत: वार्षिक रिपोर्ट, पीएलएफएस, 2017-18 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

**रोजगार संबंधी आंकड़े के बारे में पूछे गए लोक सभा के दिनांक 10.02.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1249 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**राज्य-वार वर्ष 2017, 2018 एवं 2019 हेतु एफ ई द्वारा सीधी भर्ती और आरए द्वारा प्राप्त किए गए उत्प्रवास जांच (ईसी)**

| क्र.सं. | राज्य | 2017 | 2018 | 2019 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 13 | 12 | 11 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 17725 | 15528 | 18005 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3 | 0 | 5 |
| 4 | असम | 2557 | 1667 | 2632 |
| 5 | बिहार | 69426 | 59181 | 55423 |
| 6 | चंडीगढ़ | 139 | 101 | 125 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 123 | 109 | 120 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 11 | 3 | 8 |
| 9 | दमन और दीव | 25 | 37 | 20 |
| 10 | दिल्ली | 1211 | 1107 | 1485 |
| 11 | गोवा | 666 | 641 | 627 |
| 12 | गुजरात | 4266 | 3314 | 3688 |
| 13 | हरियाणा | 1548 | 1382 | 1475 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 666 | 399 | 431 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 2089 | 2704 | 4540 |
| 16 | झारखंड | 3930 | 3664 | 3348 |
| 17 | कर्नाटक | 5231 | 4267 | 5316 |
| 18 | केरल | 16643 | 14496 | 19173 |
| 19 | लक्षद्वीप | 5 | 0 | 1 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 995 | 974 | 1145 |
| 21 | महाराष्ट्र | 7851 | 7449 | 7666 |
| 22 | मणिपुर | 18 | 12 | 10 |
| 23 | मेघालय | 9 | 5 | 7 |
| 24 | मिजोरम | 2 | 1 | 3 |
| 25 | नागालैंड | 2 | 5 | 3 |
| 26 | पुडुचेरी | 336 | 312 | 281 |
| 27 | ओडिशा | 11200 | 9832 | 7476 |
| 28 | पंजाब | 27607 | 19777 | 14665 |
| 29 | राजस्थान | 32184 | 30272 | 28982 |
| 30 | सिक्किम | 7 | 13 | 7 |
| 31 | तमिलनाडु | 38341 | 31588 | 27783 |
| 32 | तेलंगाना | 17609 | 13085 | 13388 |
| 33 | त्रिपुरा | 1365 | 1218 | 1643 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 88450 | 86273 | 116251 |
| 35 | उत्तराखंड | 2172 | 2081 | 3323 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 36599 | 28648 | 28982 |
| | योग | 391024 | 340157 | 368048 |

टिप्पणी 1. स्टेट वाइज डेटा में आरए (रिक्रूटिंग एजेंट्स) द्वारा लिया गया उत्प्रवास क्लीयरेंस शामिल है, पी ई (प्रोजेक्ट एक्सपोर्टर्स) या एफई द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से।

2. आरए केवल उस पी ओ ई कार्यालय से उत्प्रवास मंजूरी प्राप्त कर सकता है, जिसके अधिकार-क्षेत्र में उस आरए का कार्यालय स्थित है।

स्रोत: विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार प्रभाग।